Punjab Kesari - Delhi (23.01.2016)

वाईएमसीए जल्द विकास कार्यक्रमों का करेगा क्रियान्वयन

अनुसंधान परियोजनाओं को मिलेगा बढ़ावा

फरीदाबाद, 22 जनवरी (सूरजमल): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद जल्द ही अपने विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से काम शुरू कर देगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा कार्य योजना तैयार की जा रही है।

इसके अंतर्गत, ढांचागत विकास के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देना शामिल है। यह जानकारी कुलपति डॉ दिनेश कुमार ने वाईएमसीए विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) करन सिंह यादव के साथ बातचीत करते हुए दी।

श्री यादव ने कुलपति डॉ कुमार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र द्वारा प्रदान भारतीय विज्ञान कांग्रेस के होमी जे. भाभा मेमोरियल पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। डॉ कुमार ने श्री यादव को अवगत करवाया कि आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय की ढांचागत सुविधाओं में विस्तार

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में पूर्व कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) करन सिंह यादव के साथ चर्चा करते हुए कुलपति डॉ. दिनेश कुमार। (रजत)

की योजना है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय कुछ नये पाठ्यक्रम शुरू करने पर भी विचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य योजना बनाई जा रही है।

उनका प्रयास है कि विश्वविद्यालय का प्रत्येक फैकल्टी सदस्य किसी न किसी अनुसंधान परियोजना पर अवश्य काम करें। श्री यादव ने डॉ. कुमार के साथ विश्वविद्यालय में अपने अनुभवों को साझा किया तथा विश्वविद्यालय के लंबित मामलों पर गहनता से विचार-विमर्श किया और अपने सुझाव दिये।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय को देश के बेहतरीन विश्वविद्यालय की पंक्ति में लाने की दिशा में प्रतिबद्धता से काम कर रहे है और इसके लिए विश्वविद्यालय से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को मिलकर कार्य करना होगा और सभी से सुझाव भी लिये जा रहे है।

इस मौके पर फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ संदीप ग्रोवर, कुल सचिव डॉ तिलक राज के अलावा विश्वविद्यालय के अधिकारीगण उपस्थित थे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 23 January 2016
epaper.punjabkesari.in/c/8249981

Punjab Kesari (23.01.2016)

विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की दिशा में काम करेगा विवि

फरीदाबाद, (नवीन धमीजा, ब्यूरो चीफ): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद जल्द ही अपने विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की दिशा में तेजी काम शुरू कर देगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके अंतर्गत, ढांचागत विकास के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देना शामिल है। यह जानकारी कुलपति डॉ. दिनेश कुमार ने वाईएमसीए विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ले. जनरल (सेवानिवृत्त) करन सिंह यादव के साथ बातचीत करते हुए दी। ले. जनरल श्री यादव कुलपति डॉ. कुमार के विशेष आमंत्रण पर विश्वविद्यालय पहुंचे थे। दोनों के बीच विश्वविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री यादव ने कुलपति डॉ. कुमार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र द्वारा प्रदान भारतीय विज्ञान कांग्रेस के होमी जे. भाभा मेमोरियल पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। डॉ. कुमार ने श्री यादव को अवगत करवाया कि आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय की ढांचागत सुविधाओं में विस्तार की योजना है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय कुछ नये पाठ्यक्रम शुरू करने पर भी विचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य योजना बनाई जा रही है और उनका प्रयास है कि विश्वविद्यालय का प्रत्येक फैकल्टी सदस्य किसी न किसी अनुसंधान परियोजना पर अवश्य काम करें। श्री यादव ने डॉ. कुमार के साथ विश्वविद्यालय में अपने अनुभवों को साझा किया तथा विश्वविद्यालय के लंबित मामलों पर गहनता से विचार-विमर्श किया और अपने सुझाव दिये। डॉ. कुमार ने कहा कि वे वाईएमसीए विश्वविद्यालय को देश के बेहतरीन विश्वविद्यालय की पंक्ति में लाने की दिशा में प्रतिबद्धता से काम कर रहे है और इसके लिए विश्वविद्यालय से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को मिलकर कार्य करना होगा।